09/04/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

आगामी चुनावों से पहले वरिष्ठ भाजपा नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज अरुणाचल प्रदेश के नामसाई में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने अरुणाचल ईस्ट लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार तापिर गाव के समर्थन में रोड शो किया। इस दौरान श्री सिंह ने चीन के दावे पर अपने बयान में कहा कि चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के तीन स्थानों के नाम बदलकर वेबसाइट पर पोस्ट करने से कुछ नहीं होने वाला है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हम अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते हैं, लेकिन अगर कोई भारत के सम्मान को ठेस पहुंचाने की कोशिश करता है तो आज भारत उसका जवाब देने की ताकत रखता है। 0000000000000000

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज असम में लखीमपुर लोकसभा क्षेत्र के चुकुली भोरिया में एक जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर श्री शाह ने कहा कि आज पूर्वोत्तर भारत सफलता की कहानी बनकर उभरा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में कई शांति समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं और नौ हजार पाच सौ से अधिक उग्रवादी आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हुए हैं। बेहतर सुरक्षा स्थिति के कारण, पूर्वोत्तर के अस्सी प्रतिशत हिस्से से सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम हटा लिया गया है।

लखीमपुर संसदीय सीट पर भाजपा का कब्जा है और मौजूदा सांसद प्रदान बरुआ लगातार तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला कांग्रेस उम्मीदवार उदय शंकर हजारिका से है। श्री शाह ने तिनसुकिया शहर में चालिहा नगर से थाना चारियाली तक एक रोड शो में भी हिस्सा लिया। तिनसुकिया शहर डिब्रूगढ़ संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आता है। यहां से केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। राज्य के तीन अन्य निर्वाचन क्षेत्रों के साथ-साथ लखीमपुर और डिब्रूगढ़ में  पहले चरण में 19 अप्रैल को चुनाव होना है।

0000000000000000000

भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने आज वेस्ट सियांग जिले के आलो में चुनाव रैली को संबोधित किया। उन्होंने प्रशासनिक सुविधा और विकास के लिए लेपारादा और लोअर सियांग जिले के गठन के साथ ही स्थानीय जनजातियों के कल्याण के लिए सरकार के कदम की चर्चा की। इस अवसर पर अरुणाचल वेस्ट लोक सभा क्षेत्र से उम्मीदवार केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, लिरोमोबा विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार न्यामर कारबाक, मेचुका से उम्मीदवार पी.डी. सोना, आलो ईस्ट से उम्मीदवार केंतो जिनि, आलो वेस्ट से उम्मीदवार तोपिन एत्ते और बासार से भाजपा उम्मीदवार न्याबि जिन्नी दिरची मौजूद थी।

0000000000000000000

लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए सिंगल फेज में उन्नीस अप्रैल को मतदान होगा। विधानसभा चुनाव की मतगणना दो जून और लोकसभा चुनाव की मतगणना चार जून को होगी। अरुणाचल प्रदेश में मतदान के लिए घर से वोट डालने की सुविधा यानी होम वोटिंग शुरु हो गई है, जिसके तहत सीनियर सीटिजन्स और दिव्यांग मतदाताओं से पोलिंग टीम  उनके घर तक जाकर उनका वोट ले रही है। ईस्ट सियांग जिले के रानी विलेज के सीनियर सीटिजन और दिव्यांग मतदाता सत्तासी वर्षीय तामुर ताताक ने सोमवार को अपने घर पर मतदान किया।

असम राईफल्स के जवान के रुप में उन्नीस सौ बासठ के भारत-चीन युद्ध में भाग लेने वाले तामुर ताताक ने होम वोटिंग की सुविधा के लिए निर्वाचन आयोग की सराहना की। भारत-चीन युद्ध के दौरान एक ग्रेनेड उनके पास गिरने से वे बहरेपन और कई अन्य शारीरिक समस्याओं के शिकार हो गए। उन्होने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि काफी उम्र होने के कारण उनका एक पैर काम नही करता हैं साथ ही लोगो की बात को नही सुन पाते। अगर वह चुनाव के दिन मदतान केन्द्र पर  जाते तो उन्हे काफी परेशानीयां झेलनी पड़ती

0000000000000000000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड ने चैत्र शुक्लादि, उगादी, गुडी पडवा, चेती चांद, नवरेह और साजिबू चेरोबा के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि ये उत्सव भारतीय नववर्ष और वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है।

राष्ट्रपति ने कहा कि ये उत्सव देश के विभिन्न हिस्सों में शांति, एकता और सहिष्णुता के संदेश के प्रसार के साथ मनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये उत्सव देश की समृद्ध संस्कृति और विरासत के प्रतीक हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि इस अवसर पर लोग प्रकृति के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं।

0000000000000000000

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि 13 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में होने वाले दूसरे चरण के लोकसभा चुनाव में एक हजार दो सौ दस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। 88 सीटों के लिए कुल दो हजार छह सौ 33 नामांकन भरे गये  जिनमें से जांच के बाद एक हजार चार सौ 28 नामांकन वैध पाये गये । कल नामांकन वापिस लेने का आखिरी दिन था। दूसरे चरण के लिए मतदान 26 अप्रैल को होगा। दूसरे चरण में केरल से बीस लोकसभा सीटों के लिए सबसे ज्यादा पांच सौ और कर्नाटक से 14 सीटों के लिए चार सौ 91 नामांकन भरे गये। त्रिपुरा की एक लोकसभा सीट से  14 नामांकन प्राप्त हुए। महाराष्ट्र की नांदेड लोकसभा सीट से सबसे अधिक 92 नामांकन प्राप्त हुए।

0000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के चुनाव में दाम्बुक विधानसभा क्षेत्र से चार उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। भाजपा ने इस बार नए चेहरे को वरीयता देते हुए पुनियो अपुम को टिकट दिया है, जब कि कांग्रेस से तोबिंग लेगो, पी.पी.ए से राजू तायेंग और आर.टी. आई एक्टिविस्ट विजय पर्टिन निर्दलीय उम्मीदवार हैं।

0000000000000000000

दांबुक विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार विजय पर्टिन ने अपने इलेक्शन मेनिफेस्टो में एजुकेशन, हेल्थ, रोजगार के अवसर बढ़ाने और विकास प्रक्रिया में पीपुल्स पार्टिसिपेशन को शामिल किया। उन्होंने बताया कि दांबुक विधानसभा के एक गांव का अभी तक इलेक्ट्रिफिकेशन नही हुआ और उसे इलेक्शन मेनिफेस्टो में रखा गया है।

0000000000000000000

कुरुंग कुमे के कोलोरियांग में अरुणाचल वेस्ट लोकसभा क्षेत्र कांग्रेस उम्मीदवार नाबम तुकी के समर्थन में चुनाव रैली हुई। इस अवसर कांग्रेस के कई नेताओं ने रैली को संबोधित किया और कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र की जानकारी दी।

0000000000000000000

तवांग जिले में विलेज लेवेल पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के उपयोग के बारे में लोगों को जागरुक किया गया। स्वीप के नोडल ऑफिसर धोन्धुप ने लोगों को मतदान करने के ई.वी.एम से मतदान और  बैलेट यूनिट की जानकारी दी।

0000000000000000000